भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1261

**दिनांक 03 दिसंबर, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**नारियल और कॅयर उत्पादों का निर्यात**

1261. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी:

क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान आन्ध्र प्रदेश, विशेषकर डॉ. बी. आर अम्बेडकर कोनसीमा जिले से निर्यात किए गए विभिन्न नारियल और कॅयर उत्पादों का वर्ष-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार और जिला-वार ब्यौरा तथा मात्रा सहित उनके मूल्यांकन का ब्यौरा क्या है;

(ख) देश से निर्यात किए जाने वाले नारियल और कॅयर उत्पादों का देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नारियल और कॅयर उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में कोई व्यवधान उत्पन्न हुआ है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है:

(घ) नारियल और कॅयर उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान नारियल और कॅयर उत्पादों के निर्यात में वृद्धि करने के लिए जारी की गई और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार/राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, विशेषकर आन्ध्र प्रदेश के संदर्भ में ब्यौरा क्या है; और

(च) सरकार द्वारा नारियल और कॅयर उत्पादों के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विपणन/संवर्धन के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री

**(श्री जितिन प्रसाद )**

(क): सरकार भारत से कुल कृषि निर्यात का वैद्य रिकॉर्ड रखती है। राज्यवार निर्यात आंकड़ों को वैधीकृत नहीं किया जाता हैं क्योंकि आंकड़े निर्यातकों द्वारा शिपिंग बिलों में स्टेट ऑफ ऑरिजिन कोड की रिपोर्टिंग के आधार पर प्राप्त किए जाते हैं। पिछले पाँच वर्षों के दौरान निर्यात किए गए नारियल और कॅयर उत्पादों का विवरण अनुबंध-I पर संलग्न है। इसके अलावा, नारियल और कॅयर उत्पादों के निर्यात का उत्पाद वार विवरण https://www.commerce.gov.in/trade-statistics/पर देखा जा सकता है।

(ख): देशवार विवरण जिनको नारियल और कॅयर उत्पादों का निर्यात किया जाता है,अनुबंध-II के रूप में संलग्न हैं।

(ग): सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नारियल और कॅयर उत्पादों की आपूर्ति श्रृंखला में कोई व्यवधान नहीं देखा है।

(घ) से (च): नारियल विकास बोर्ड (कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय) नारियल उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए विभिन्न गतिविधियां करता है, जिसमें आरसीएमसी प्रमाणपत्र जारी करना, व्यापार मेलों में भागीदारी को सुकर बनाना, सेमिनार आयोजित करना, बाजार आसूचना प्रदान करना, गुणवत्ता प्रमाणन और ब्रांड निर्माण में सहायता करना और शीर्ष निर्यातकों को मान्यता देना शामिल है। बोर्ड निर्यात क्षमता का पता लगाने और बाजार लिंकेज का बढ़ावा देने के लिए संस्थानों और दूतावासों के साथ भी सहयोग करता है।

कॅयर बोर्ड (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय) कॅयर उत्पाद निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कॅयर विकास योजना के तहत एमएसएमई की सहायता करता है। यह अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेलों का आयोजन करता है और भाग लेता है, विदेशी आयोजनों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने, साझेदारी को बढ़ावा देने, बाजार लिंकेज और वैश्विक बाजार पहुंच का विस्तार करने के लिए निर्यात से संबंधित मामलों पर प्रबंधन विकास कार्यक्रम और कार्यशालाएं आयोजित करता है।

नारियल और कॅयर उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने के लिए, नारियल विकास बोर्ड और कॅयर बोर्ड ने वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के पिछले पांच वर्षों के दौरान क्रमश: 3.39 करोड़ रूपये और और 6.68 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है।

********

अनुबंध-I

लोक सभा में दिनांक 03.12.2024 को उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1261 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

नारियल उत्पाद

| वर्ष | मूल्य (लाख रुपये में) |
|---|---|
| 2019-20 | 176217.45 |
| 2020-21 | 229481.83 |
| 2021-22 | 323682.54 |
| 2022-23 | 355423.33 |
| 2023-24 | 346944.39 |
| कुल | 1431749.54 |

स्रोत: नारियल विकास बोर्ड

कॅयर उत्पाद

| वर्ष | मूल्य (लाख रुपये में) |
|---|---|
| 2019-20 | 241596.65 |
| 2020-21 | 352654.84 |
| 2021-22 | 424034.21 |
| 2022-23 | 289454.12 |
| 2023-24 | 298200.44 |
| कुल | 1605940.26 |

स्रोत: कॅयर बोर्ड

अनुबंध- II

लोक सभा में दिनांक 03.12.2024 को उत्तर के लिए नियत अतांराकित प्रश्न संख्य 1261 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

2023-24 के दौरान शीर्ष 15 देशों को नारियल उत्पादों का निर्यात

| क्र. सं. | देश | मूल्य (लाख रुपए में) |
|---|---|---|
| 1. | यूएसए | 65123.40 |
| 2. | संयुक्त अरब अमीरात | 40309.22 |
| 3. | श्रीलंका डीएसआर | 20025.72 |
| 4. | बेल्जियम | 11539.12 |
| 5. | जर्मनी | 11536.45 |
| 6. | रूस | 11112.34 |
| 7. | यूके | 10089.45 |
| 8. | नीदरलैंड | 9877.33 |
| 9. | जापान | 9366.26 |
| 10. | टर्की | 8973.01 |
| 11. | कनाडा | 7545.47 |
| 12. | सऊदी अरब | 7497.58 |
| 13. | इटली | 6878.36 |
| 14. | चीन पी आरपी | 6864.31 |
| 15. | नेपाल | 6664.94 |
| | अन्य देश | 113541.43 |
| | कुल | 346944.39 |

स्रोत: नारियल विकास बोर्ड

2023-24 के दौरान शीर्ष 15 देशों को कॅयर उत्पादों का निर्यात

| क्र.सं. | देश | मूल्य (लाख रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | चीन पी आरपी | 79407.03 |
| 2 | यूएसए | 63658.09 |
| 3 | नीदरलैंड | 22088.29 |
| 4 | स्पेन | 14950.89 |
| 5 | कोरिया आरपी | 14221.71 |
| 6 | यूके | 13092.73 |
| 7 | ऑस्ट्रेलिया | 9929.17 |
| 8 | फ्रांस | 5976.51 |
| 9 | इटली | 5747.17 |
| 10 | जर्मनी | 5703.75 |
| 11 | यू अरब ईएमटीएस | 5402.12 |
| 12 | कनाडा | 5206.06 |
| 13 | पेरू | 5152.29 |
| 14 | मोरक्को | 3571.59 |
| 15 | मेक्सिको | 3122.62 |
| | अन्य देश | 40970.42 |
| | कुल | 298200.44 |

स्रोत: कॅयर बोर्ड